Regarding delay in electrical works under the Revamped Distribution Sector Scheme (RDSS) in Meerut and action against the company for delaying and negligency.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल **(मेरठ):** आदरणीय सभापति जी, केंद्र सरकार की योजना आरडीएसएस के अंतर्गत विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और विस्तार की दृष्टि से कार्य मेरे संसदीय क्षेत्र मेरठ जनपद के अंतर्गत चल रहा है ।

महोदय, जिस कंपनी को इसका काम दिया गया है, उसकी गति इतनी धीमी है कि काम लगभग हो ही नहीं रहा है । विद्युत समिति के अध्यक्ष होने के नाते मैंने दो बैठकों में इस बात की चर्चा की । अन्य सभी जनप्रतिनिधियों ने भी इस विषय में चिंता व्यक्त की, परंतु उसके काम में किसी भी प्रकार की गति नहीं आई है । जो अधीक्षण अभियंता (एसई) हैं, उनके द्वारा लिखने के बाद भी इसकी गति नहीं बढ़ी है ।

माननीय सभापति जी, अभी तक केवल छह प्रतिशत काम हुआ है । यह काम दिसंबर महीने तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन अभी तक उसकी यह स्थिति है । मैं उस कंपनी का नाम इस सदन में नहीं लेना चाहता हूं, परंतु उसकी कार्य पद्धति की समीक्षा की जाए । उसके संबंध में जो भी उचित कार्रवाई हो, उसे सरकार और माननीय मंत्री जी करें, ताकि आरडीएसएस के अंतर्गत जो अपेक्षित काम है, वह पूरा हो सके ।